# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल– भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में भारत का एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब के दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से सऊदी अरब को अवगत कराने और आतंकवाद का मुकाबला करने में निरंतर सहयोग के लिए विदेश मामलों के राज्यमंत्री अदेल अल–जुबेर से मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवादी कृत्यों को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त ना करने की भारतीय नीति का स्पष्ट उल्लेख किया।

*******************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मेक–इन–इंडिया राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया दोनों को पुनः डिज़ाइन और परिभाषित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब जब भी पाकिस्तान के साथ बातचीत होगी तो वह केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही होगी।

*******************

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम देवघर पहुंची। एयरपोर्ट पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग ने उनका स्वागत किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

*******************

रांची रेलवे स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे घर से भागकर रांची पहुंचे थे। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद दोनों को चाइल्डलाइन रांची को सौंप दिया गया।

*******************

हजारीबाग जिले में सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं को लेकर विधायक प्रदीप प्रसाद सड़क पर उतरे और नगर निगम पदाधिकारियों के साथ कालीबाड़ी और बस स्टैंड इलाके का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी, जिसमें मुख्य रूप से हाईवे किनारे सब्जी बेचने से हो रही दुर्घटनाओं और असुविधाओं की बात सामने आई। मौके पर

विधायक ने कहा कि सब्जी विक्रेताओं को सुरक्षित और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जाएगी।

********************

जे एस एल पी एस की ओर से सिमडेगा जिले में ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने की पहल की गई है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में कल से बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण राज्य के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना है। दक्षिण–पश्चिम मॉनसून जल्द ही बंगाल होते हुए झारखंड में प्रवेश कर सकता है, जिससे किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। बीते 24 घंटे में सबसे अधिक 48 दशमलव 4 मिमी बारिश घाटशिला में दर्ज की गई, जबकि रांची में अधिकतम तापमान 31 दशमलव दो डिग्री रहा।

********************

टेनिस में, भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरीकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने पेरिस में फ्रेंच ओपन पुरुष डबल्स के पहले दौर में जीत हासिल की।

*******समाप्त********